Title: Requested to move the level crossing towards the east of the present crossing at Balrai railway station in Etawa.

श्री रघुराज सिंह शाक्य (इटावा) : सभापति महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र इटावा में बलरई रेलवे स्टेशन पर लूप लाईन बना दी गई है, इस कारण से वहां जो क्रासिंग बना हुआ था वह बीच में आ गया है। वहां एक-एक दिन व आठ-आठ घंटे तक माल गाड़ी खड़ी रहती है, जब कि लाईन के उस पार दो-दो इंटर कालेज और ब्रह्माणी जैसे तीर्थ स्थान हैं, जहां हजारों की संख्या में लोग जाते हैं और कालेज में छात्र पढ़ने जाते हैं। वहां माल गाड़ी खड़े रहने की वजह से उन्हें ट्रेन के नीचे से निकलना पड़ता है, इससे वहां बड़ा हादसा भी हो सकता है।

अत: मेरा सरकार से निवेदन है कि क्रासिंग को पूर्व की दिशा में आगे बढ़ा दिया जाए, जिससे वहां गाड़ी खड़े रहने की समस्या का निदान हो सके। बच्चों के स्कूल में आने-जाने की समस्या का निदान हो सके और कोई बड़ा हादसा टल सके।